अजीत समाचार पंजाब

अजीत समाचार 3 मंगलवार, 13 अप्रैल, 2021

# महिला ने आग लगाकर की खुदकुशी

सनौर, 12 अप्रैल (सोखल): स्थानीय कस्बा सनौर के कसाबिया वाला मोहल्ला की रहने वाली महिला द्वारा कथित तौर पर घरेलू क्लेश की वजह करके आज सुबह लछमण दास पार्क में आत्महत्या कर ली। सूत्रों के अनुसार आज सुबह आग लगा शव लोगों ने देखा तो इसकी सूचना सनौर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव की हर तरह से विशेषज्ञ बुलाकर जांच शुरू की। जिस दौरान सी.सी.टी.वी. की फुटेज में मृतक कुलवंत कौर (65) तेल की कैनी के साथ लेकर जा रही थी। जिसकी पहचान मृतक के भाई राज कुमार ने पहचान की जिसके बाद सनौर पुलिस ने राज कुमार के बयानों से मृतक के पुत्र परविन्द्र सिंह, हरकीरत सिंह, तरविन्द्र सिंह व बहू जसविन्द्र कौर के खिलाफ धारा 306 व और धाराओं तहत मुकद्दमा दर्ज कर लिया है।

# होशियारपुर के शिंदा व मोहाली के अमरजीत सिंह जीती के सिर सजा मेयर का ताज


सुरिंदर कुमार शिंदा


अमरजीत सिंह जीती सिद्धू

होशियारपुर, 12 अप्रैल (नरेन्द्र मोहन शर्मा): स्थानीय नगर निगम में आज उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा की मौजूदगी में हुए मेयर के चुनाव के दौरान वार्ड नंबर 18 से पार्षद सुरिंदर कुमार शिंदा को मेयर चुना गया व साथ ही वार्ड नंबर 3 की पार्षद प्रवीण सैनी को सीनियर डिप्टी मेयर व वार्ड नंबर 11 से पार्षद रणजीत चौधरी को डिप्टी मेयर चुना गया। वर्णनीय है कि नगर निगम होशियारपुर के नए बने मेयर सुरिंदर कुमार शिंदा(53) पहले तीन बार पार्षद रहे हैं व मौजूदा समय चौथी बार वार्ड नंबर 18 से 1032 वोटों लेकर विजयी रहे थे। मेयर बनने के बाद बातचीत करते हुए सुरिंदर कुमार शिंदा ने उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा व समूह पार्षदों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनको मिली अहम जिम्मेदारी को वे पूरी तनदेही, लगन व शिद्दत से निभाते हुए शहर के विकास में किसी किस्म की कमी नहीं रहने देंगे।

**एस.ए.एस. नगर, 12 अप्रैल (के.एस. राणा)**: पंजाब के सहकारिता व जेल मंत्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा ने आज यहां नगर निगम के पदाधिकारियों के चयन के बाद कहा कि पंजाब के शहरों सहित राज्य का बहुपक्षीय विकास करना राज्य सरकार की पहल है तथा इस तरफ विशेष प्राथमिकता देते पिछले 4 वर्षों के समय दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मोहाली का सर्वपक्षीय विकास किया गया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि लोगों ने मौजूदा पंजाब सरकार के कार्यों पर मोहर लगाकर हमारे उम्मीदवारों का पार्षदों के रूप में चयन किया है। उन्होंने कहा कि आज एस.ए.एस. नगर (मोहाली) के मेयर का चयन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह व राज्य कांग्रेस प्रधान सुनील जाखड़ के निर्देशों अनुसार पार्षदों के साथ राय कर की गई है। उन्होंने कहा कि

शेष पृष्ठ 13 पर

# कैप्टन द्वारा बैसाखी पर्व की प्रदेशवासियों को बधाई



चंडीगढ़, 12 अप्रैल (अ.स.): पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने 'खालसा पंथ' के स्थापना दिवस व वैसाखी पर्व की विश्वभर में बसते पंजाबियों को बधाई दी है। कैप्टन ने पंजाब के अमीर सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाते हुए इन परम्पराओं को कायम रखने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने लोगों को यह ऐतिहासिक दिवस आपसी भाईचारक सांझ, प्यार व परम्पराओं के साथ-साथ कोविड-19 संबंधी सावधानी उपायों के साथ मनाने का आह्वान किया।


एक्स प्लस गोल्ड मर्दाना कोर्स

एक्स प्लस गोल्ड एक मात्र औषधि ही नहीं बल्कि नपुंसकता मिटाने का एक भरोसेमंद आयुर्वैदिक ट्रीटमैंट है: वैदवाण

चण्डीगढ़, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित भारत के 16 राज्यों में लाखों लोग इसका लाभ ले रहे हैं। अभी तक एक्स प्लस मर्दाना कोर्स जो कि शरीर के अंग-अंग तक एनर्जी, इम्यूनिटी तथा ऊर्जा का संचार करने के लिए नंबर वन आयुर्वैदिक तथा सेफ ब्रांड के रूप में सामने आया है




X-PLUS GOLD Vaidban Since 1992

आप लाइफ में कुछ बेहतर सैक्स इंज्वॉय करना चाहते हैं तो एक्स प्लस खाओ और फिट हो जाओ - बलविन्दर, उम्र-55 अमृतसर

अंगो के विकास तथा आकार के लिए X-Plus Oil में X-Plus Cream मिलाकर उपयोग करें

22 से 82 साल के जिन लोगों का गृहस्थ जीवन लम्बे समय से डिस्टर्ब चल रहा है एवं रोज-रोज अंग्रेजी गोली खाने से साईड इफैक्ट भी होते हैं। वैद्य जी के परामर्श अनुसार 20 दिन के लिए एक्स प्लस गोल्ड मर्दाना कोर्स का एक कॉम्बो पैक लेकर प्रयोग करने से पुरा-पूरा लाभ मिलता है।

DR. HELPLINE 82830-60000

सारे मैडीकल स्टोर व आयुर्वेदिक स्टोर पर भी उपलब्ध है

न मिलने पर होम डिलीवरी के लिए संपर्क करें : 98726-40666


# कैप्टन सरकार के अवैध माइनिंग रोकने के दावे खोखले

## जलालाबाद क्षेत्र में चलती अवैध माइनिंग, प्रशासन बेखबर या बेफिक्र? * फर्ज़ी वज़न पर्ची के ज़रिये रेत बेचकर सरकार को लगाया जा रहा करोड़ों का चूना



पाइपलाइन से ट्राली में रेत भरते हुए व सवालों के दायरे में वज़न पर्ची। (छाया : अमन बवेजा)

मंडी घुबाया, 12 अप्रैल (अमन बवेजा): ज़िला फाज़िल्का के अंतर्गत आती मंडी घुबाया के नज़दीकी गांव माछीवाला (गरीबा सांदड़) में पाइपलाइनों से अवैध माइनिंग ज़ोर-शोर से हो रही है परंतु संबंधित विभाग व पुलिस प्रशासन इससे बेखबर प्रतीत हो रहा है परंतु वास्तव में प्रशासन इससे अच्छी तरह अवगत है परंतु बेफिक्र होकर देख रहा है और कोई भी ठोस कार्रवाई करने में असफल प्रतीत हो रहा है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में रेत की अवैध खुदाई पाइपलाइनों से व्यापक स्तर पर की जा रही है जबकि माइनिंग कानून के अनुसार वाहनों में रेत भरने का काम केवल मज़दूरों से हाथों से करवाया जा सकता है और कोई भी जेसीबी या फिर पाइपलाइन का उपयोग नहीं किया जा सकता और 10 फुट से नीचे खुदाई नहीं की जा सकती और उल्लंघन करने पर रेत की खड्ड की मान्यता रद्द भी की जा सकती है परंतु वास्तव में संबंधित विभाग की मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा माइनिंग कानून की धज्जियां उड़ाकर अवैध माइनिंग की जा रही है जोकि आसपास के ज़मीन वालों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि कैप्टन सरकार द्वारा अवैध माइनिंग को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं और इसके लिए पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह द्वारा एक स्पैशल टास्क फोर्स भी बनाई गई है परंतु फिर भी यह किस की शह

शेष पृष्ठ 11 पर

# सड़क हादसे में मां-पुत्र की मौत

गढ़शंकर, 12 अप्रैल (धालीवाल): गढ़शंकर में बंगा चौक के निकट रेलवे फाटक पर सायं हुए दर्दनाक हादसे में मोटरसाइकिल सवार महिला व उसके 2 वर्षीय लड़के की मौत व मोटरसाइकिल चालक पति व उसके 7 वर्षीय लड़के के घायल होने का समाचार है। एकत्रित की जानकारी अनुसार गढ़शंकर ब्लाक के गांव बीणेवाल का वासी संजीव कुमार मोटरसाइकिल नंबर एच.पी. 20 डी. 9550 पर अपनी पत्नी मीनाक्षी वर्मा, पुत्रों राघव कुमार व अरनव कुमार के साथ गढ़संकर में रिश्तेदारी में मिलने व छोटे पुत्र की दवाई लेने के लिए आया हुआ था। सायं लगभग 5 बजे यह जब रेलवे फाटक से नंगल चौक की ओर गुज़र रहे थे तो श्री आनंदपुर साहिब को मेले पर जा रही संगत की ट्राली की फेट लगने से यह सड़क पर गिर गए। हादसे में सड़क पर दाएं हाथ गिरने से महिला मीनाक्षी वर्मा (34) व गोदी में उठाए छोटे पुत्र अरनव कुमार (2) की सिर में चोट लगने से मौके पर मौत हो गई जबकि संजीव कुमार व उसका 7 वर्षीय लड़के राघव कुमार का बायां हाथ गिरने के कारण जानी बचाव हो गया परन्तु वह घायल हो गए जिनको सिविल अस्पताल के एमरजैंसी विभाग में डा. अमरजीत सिंह द्वारा प्राथमिक सहायता दी गई। हादसे में पत्नी व पुत्र से वंचित हुआ संजीव कुमार कुछ ही दिन पहले साऊदी अरब से वापस लौटा था। इस दर्दनाक घटना पर लोगों ने भारी दुख व्यक्त किया तथा शहर में हादसों के कारणों को लेकर पुलिस प्रशासन विरुद्ध रोष भी व्यक्त किया।

# टावर पर बैठे दोनों बेरोज़गार ईटीटी टैट पास अध्यापकों का स्वास्थ्य बिगड़ा

## 23वें दिन भी टावर पर डटे रहे बेरोज़गार अध्यापक


23वें दिन भी टावर पर डटे हुए बेरोज़गार अध्यापक।


पटियाला, 12 अप्रैल (धार्मिन्दर सिंह सिद्धू): रोज़गार की मांग को लेकर बीएसएनएल टावर पर लगातार 23 दिनों से भूखे-प्यासे दोनों बेरोज़गार ईटीटी टैट पास अध्यापक डटे हुए हैं। लगातार भूखे प्यासे बैठने के कारण दोनों बेरोज़गार अध्यापकों का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है। दोनों बेरोज़गार अध्यापकों की हालत गम्भीर होने के कारण न तो ठीक तरीके से बोला जा रहा है और न ही ठीक तरीके से खड़ा हुआ जा रहा है। आज फिर बेरोज़गार ईटीटी टैट पास अध्यापकों को पटियाला प्रशासन द्वारा टावर से नीचे उतरने के लिए कहा गया तो बेरोज़गार अध्यापकों ने कहा कि

शेष पृष्ठ 11 पर

# राजपुरा के व्यक्ति का 100 रुपए की टिकट पर निकला 1 करोड़ का पुरस्कार

चंडीगढ़, 12 अप्रैल (अ.स.): पंजाब स्टेट डीयर 100 साप्ताहिक लाटरी ने राजपुरा के व्यक्ति की तकदीर बदलकर रख दी, जिसने 100 रुपए की लाटरी टिकट पर 1 करोड़ रुपए का पुरस्कार जीता है। ठेकेदार के तौर पर काम करते टिंकू कुमार ने पुरस्कार राशि लेने के लिए स्टेट लॉटरीज़ विभाग के पास लाटरी टिकट व ज़रूरी दस्तावेज़ जमा करवाने के बाद यहां बताया कि वह पिछले 15-16 वर्षों से पंजाब सरकार की लाटरी की टिकट खरीद रहा था और आखिरकार किस्मत उस पर मेहरबान हो गई। टिंकू कुमार के घर पत्नी व स्कूल पढ़ते दो बच्चे (एक लड़का व एक लड़की) हैं। टिंकू (38) ने कहा कि वह अपने बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना चाहता है इसलिए वह अपने बच्चों की पढ़ाई पर पैसा खर्च करेगा और फिर अपने ठेकेदारी के कारोबार को बढ़ाने बारे सोचेगा। पंजाब राज्य लाटरी विभाग के अधिकारियों ने विजेता को भरोसा दिया कि पुरस्कार राशि जल्द ही उसके खाते में डाल दी जाएगी।

# पंजाब सिविल सचिवालय व अन्य विभागों में क्लर्क के 160 पद भरने संबंधी विज्ञापन जारी : बहल


अधीन सेवाएं चयन बोर्ड के चेयरमैन रमन बहल।

एस.ए.एस. नगर, 12 अप्रैल (के.एस. राणा): पंजाब सिविल सचिवालय व अन्य विभागों में क्लर्क (लीगल) के 160 पद भरने संबंधी सेवाएं चयन बोर्ड पंजाब द्वारा विज्ञापन जारी कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए अधीन सेवाएं चयन बोर्ड के चेयरमैन रमन बहल ने बताया कि मुख्यमंत्री पंजाब कैप्टन अमरेन्द्र सिंह की सरकार की 'घर-घर रोज़गार' की नीति के तहत बोर्ड द्वारा लगभग 2280 पदों के लिए विज्ञापन जारी किए जाएंगे, जिनमें से आम लोगों को जल्द न्याय मुहैया करवाने के उद्देश्य से पंजाब सिविल सचिवालय व अन्य विभागों में क्लर्क (लीगल) के 160 पद भरने के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए 12 अप्रैल से 10 मई तक आवेदन किया जा सकता है, जबकि फीस भरने के लिए अंतिम तिथि 13 मई रखी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब कैप्टन अमरेन्द्र सिंह की सरकार की निष्पक्षता व पारदर्शिता की नीति पर पहरा देते हुए बोर्ड द्वारा

शेष पृष्ठ 11 पर

# 33132 बच्चे निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में हुए दाखिल


## सरकारी स्कूल बन रहे लोगों की पहली पसंद


शिक्षा सचिव द्वारा घर-घर जाकर दाखिला मुहिम को समर्थन देने का दृश्य।

पोजेवाल सरां, 12 अप्रैल (नवांग्राईं): शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही शिक्षा सुधार मुहिम का असर नये शैक्षणिक वर्ष के दौरान आरम्भ की गई दाखिला मुहिम में प्रत्यक्ष रूप में ज़मीनी स्तर पर पहले सप्ताह में ही देखने को मिल रहा है। पहले सप्ताह में ही 33132 बच्चे निजी स्कूलों से हट कर राज्य के विभिन्न ज़िलों के सरकारी स्कूलों में दाखिल हुए हैं। शिक्षा विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार

शेष पृष्ठ 11 पर

# कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री जोसन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा


पूर्व मंत्री पंजाब एवं ज़िला योजना बोर्ड के चेयरमैन हंस राज जोसन।

फाज़िल्का, 12 अप्रैल (दविंदर पाल सिंह): फाज़िल्का ज़िले में कांग्रेस पार्टी को उस समय जबरदस्त झटका लगा जब पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री पंजाब एवं ज़िला योजना बोर्ड के चेयरमैन हंस राज जोसन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ज़िला योजना बोर्ड के चेयरमैन पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। पंजाब के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जोसन ने मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह व प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ की नीतियों से परेशान होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लम्बे समय से प्रदेशाध्यक्ष जाखड़ की नीतियां पुराने, पार्टी के साथ मुश्किल समय साथ देने वाले नेताओं के प्रति ठीक नहीं थीं, जिससे परेशान होकर वह कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जोसन प्रैस विज्ञप्ति के ज़रिये प्रदेशाध्यक्ष पर कई आरोप लगा चुके हैं।

# श्री हज़ूर साहिब के मुख्य कथावाचक ज्ञानी विजेन्दर सिंह का कोरोना से देहांत


ज्ञानी विजेन्दर सिंह।

हरसा छीना, 12 अप्रैल (कड़ियाल): तख्त श्री हज़ूर अबिचलनगर साहिब नांदेड़ के मुख्य कथावाचक ज्ञानी विजेन्दर सिंह कपूर का आज देहांत होने का दुखदायक समाचार प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि ज्ञानी विजेन्दर सिंह तख्त सचखंड श्री हज़ूर साहिब में उप ग्रंथी, मुख्य ग्रंथी, धूपिया व उप जत्थेदार के रूप में सेवाएं निभा चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञानी विजेन्द्र सिंह जिनका स्वास्थ्य पिछले कुछ दिनों से नासाज होने के कारण उन्हें नांदेड़ के निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके आज कोरोना के किए टैस्ट के दौरान उन्हें कोरोना होने की पुष्टि की गई और उनकी बिगड़ी तबीयत व कोरोना को लेकर उन्हें हैदराबाद के निजी अस्पताल में दाखिल करवाने के लिए ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनका देहांत हो गया।


TVS

हम बनायें, जो आपका दिल चाहे

₹5 000* तक की बचत | ईएमआई ₹2050* से शुरु




ऑन रोड कीमत पर 100%* फाइनांस उपलब्ध | 10** मिनट में लोन | ₹11999* कम डाउन पेमेन्ट | ब्याज दर 6.99%** से शुरु

* T&C apply. ** Subject to financier's discretion.

भारत की पहली और एकमात्र डुअल प्लेटफॉर्म Fi टेक्नोलॉजी | www.tvsmotor.com

बेहतर स्टार्टेबिलिटी | बेहतर सवारी | बेहतर टिकाउपन | आसान मेंटेनेंस

ET Fi ECO THRUST | TVS Jupiter ZYADA KA FAYDA | RT Fi RACE TUNED | TVS NTORQ 125 PLAY SMART

Finance Partners: TVS CREDIT | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | HDB FINANCIAL SERVICES

RTFI^^: As per internal standard testing conditions in comparison with the BS-IV model of the same product variant. ETFI^^: As per internal testing conditions in comparison with the BS-IV model of the same product variant. However actual mileage is subject to change and depends on various factors such as riding conditions, fuel quality, vehicle condition, and other circumstantial riding conditions.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com अधीकृत मेन डीलर: अमृतसर: प्रभात ऑटो व्हील्स, फोन: 7411782126, बालाजी टीवीएस, फोन: 8591320165, संगम टीवीएस-8591666439, लुधियाना: गुल्जार टीवीएस-7814524829, लक्ष्मी टीवीएस-8591423884, अलॉयन्स टीवीएस-8591013121, जालन्धर: चिरायु टीवीएस-7307725697, रवि टीवीएस 9870326391, होशियारपुर: गोबिंद ऑटो-7411780924, बटाला: भगवती टीवीएस -7814227411, पठानकोट: महालक्ष्मी टीवीएस-9023368793, गुरदासपुर: सनी टीवीएस-9569830910, तरन-तारन: संत टीवीएस-7814114405, खन्ना-सुप्रिम टीवीएस-8591413926, पटियाला: यशोधा टीवीएस-8591727535, एच आर टीवीएस-917414985523, मलेरकोटला: जैन टीवीएस 8591631191, राजपुरा: बालाजी टीवीएस-8591817047, जगरांव: स्टार टीवीएस-7307252353, मोगा: सिंगल टीवीएस-7814322686, मुक्तसर: अनन्या टीवीएस - 917428006509, बरनाला: बरनाला टीवीएस-8591233068, मानसा: सिधू टीवीएस-8591822855, अबोहर: नागपाल टीवीएस-7814594250, संगरूर: मा लक्ष्मी टीवीएस-7428006510, मोहाली: मंचन्दा टीवीएस-8591864171, कपूरथला: चिरायू टीवीएस-7307722084, फगवाड़ा: रवि टीवीएस-9870326385, मुकेरियां: लगवाल टीवीएस- 7307887313, रोपड़ : के के एल टीवीएस - 7428006513, फिरोज़पुर: रवि दत्त मोटर्स - 9357322555. अधीकृत डीलर: अमृतसर: रईया-9876087739, तरसिक्का-9814541111, मजिठा 9780435400, जयन्तीपुर-9855743434, मेहता चौंक-9988430006, रायकोट-9305300004 लुधियाना: माछीवाड़ा-9855713386, समराला-9815700396, दोराहा-9814780078, कोहारा-9780798506, लुधियाना-9501000291, शिमलापुरी-9646991369, मुल्लांपुर-9814030186, कटानी कलां-6283726787, जीटी रोड-9914244444, देहलों-8568000009, धांदर्डा-9415034157, हांबड़ा रोड़-8729008788, हाम्बड़ा-9781628200, किडवाई नगर-9888800324, डुगरी: 9988078050, पायल-9217756001, चौंता-9653288302, साहनेवाल-8728883000, सालेम टिबरी: 7009414738, बंगा-9888183881, बलाचौर- 9872180635, राहों-9501685275, और-8288842027, रायकोट-9305300004, गिल रोड़-9888247850, जालन्धर: शाहकोट-9888104822, नकोदर-9814182574, लोहियां खास-9815766141, दोसांज कलां-8728813555, भोगपुर-7696706713, होशियारपुर: हरियाना-9988390604, माहिलपुर- 9855789526, अड्डा कोतफतुही-9872981189, गढ़शंकर - 9915219811 पटियाला: समाणा-9888809536, नाभा-9877464022, सनौर-8968017041, जगरावं: हलवाड़ा 8195060008, बटाला: घुमान-7843823000, कादियां-9464758030, कालानौर-9872968851, फतेहगढ़ चूरियां-9779489462, पठानकोट: जुगीयाल-9888191539, तारागढ़-9855294122 फगवाड़ा: आपरा-9653537301, बिगला-6283626676, गुरदासपुर: दीनानगर-9417385782, धारीवाल-9814720691, तरनतारन: जंडीयालागुरू-8528053594, पट्टी-9876477177, नौशहरां पनाउन-9815747014, बठिंडा: जैतु मण्डी-9417337537, रमन मण्डी-9872880703, कोटकपुरा-9357419300, संगत मण्डी 8528512312, संगरूर: खनौरी-9569306699, भवानीगढ़-9888062362, सुनाम-9041701414, चीमा मण्डी-94787826000, दिड़बा मण्डी- 9056425077, अबोहर: मलौट-9876110508, फाजिल्का:-9914850100, जलालाबाद- 9815832500, फिरोज़पुर: जीरा-9914850100, मानसा: बुढ़लाडा-8054667356, बरेटा-8146172533, सरदुलगढ़ -9876488546, रोपड़: मोरिण्डा-9872935088, नालागढ़: 9218783989, नूरपुर बेदी-9915468600, कीरतपुर साहिब: 7889133258 मोहाली: खरड़-9988120377, मलेरकोटला: धुरी-8288843999, अहमदगढ़-9815700111, शेरपुर-9517000210, कूपकलां-8427011033, सन्धौर-9592350501, रुड़की कलां-9855819852, मण्डी गोबिन्दगढ़: फतेहगढ़ साहिब-9780052836, खमानों-9888839079, इसरू: 7009953308, बनुड़-8427340004, मोगा: धरमकोट-9988583996, अजीतवाल-9780600450, कपूरथला: फथुठिंगा-9855613555, नडाला-9872546011, सुल्तानपुर लोधी-9815489455, भोलाथ-7696706713, बेगोवाल-9876970001, मुकेरिया: हाजीपुर-9888540220, गढदीवाल-9815441170, दसुया-9464316445, तलवाड़ा-9855447916, दसुया-9464316601, टाण्डा उरमुर-9780137277, सुजानपुर-9041715545, दुनेरा-9780174143. अधीकृत मेन डीलर: सोलन: नारंग टीवीएस-9817479293, पॉवंटा साहिब: अवनीत टीवीएस-7307602203, ऊना: रायजादा टीवीएस-98147454345, मण्डी: जालपा टीवीएस-9817121606, कांगडा: ऑरियन्टल टीवीएस-9569608297, हमीरपुर: महावीर टीवीएस-9817435012. अधीकृत डीलर: सोलन: बद्दी-9218081477, शिमला-7018402394, कुनिहार-9418737709, राजगढ़-9805030710, कांगडा: नुरपुर-9418014027, मकधन-9816885235, चम्बा-9805622244, मुबारिकपुर-9857358185, शाहपुर-9816977070, बैजनाथ-9418792867, इंदौरा-9736363522, देहरा: 7018285312, पालमपुर-9816066729, ढांगुपीर-9876794184, बाणीखेत-8219541925, मण्डी:मलौखड़-9817890050, घुमारवीं- 9816008057, साराबाई-9805210273, पतलीकुहल-9318919602, सुन्दरनगर-8894170003, बरमाना-9459864488 हमीरपुर: ज्वालीजी-9418970810, नादौन-9418970810, बिलासपुर-9816900154, जाहु-9418180800, बड़सर-7831800499, तरकवाड़ी-9805183577, सुजानपुर: 9418106006 ऊना: बंगाना-9882952390, ताहलीवाल-9417151110, अम्ब-7889133258, धालीवाल-9417151110, दौलतपुर: 8894574639 पॉवंटा साहिब: माजरा-9805012666. अधीकृत मेन डीलर: जम्मू: जे.के आॅटोमोबाइल्स-7428006506, एमएस व्हीकल ट्रेडिंग- 8527529363, शिवम टीवीएस-7307711480. अधीकृत डीलर: कठुआ-9596826179, विजयपुर-9419834960, हीरानगर-9419377944, अखनूर-9419100312, फींटर-9906323395, उधमपुर-9419168578, उधयवाला-9086091002, राजौरी-8492895895, सुन्दरबनी-9419658180, घघवाल-9541132991. अधीकृत मेन डीलर: श्रीनगर: यूनाईटिड मोटरस-7428006508, कश्मीर टीवीएस-919018953465, अनंतनाग: के. वाई टीवीएस - 7428006507. अधीकृत डीलर: श्रीनगर: फुलवामा-9419031018, बारामुला-9697888220, सोपोर- 9697888220, कश्मीर-9419034885, शोपियां-8803483421. अधीकृत मेन डीलर: चण्डीगढ़: चण्डीगढ़ टीवीएस-6364878171, मोहाली: मनंचन्दा टीवीएस-8591864171. अधीकृत डीलर: खरड़-9988120377.

dentsuindia/as pun/03/21